हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 20 अप्रैल 2026

06 भगवान परशुराम जयंती पर नगर में ...



08 परशुराम प्रकटोत्सव पर शहर में निकाली...





## खबर संक्षेप

### सदभावना यात्रा का स्वागत 21 अप्रैल को

**विदिशा।** भूदान आंदोलन के 75 वर्ष पूर्ण होने पर विनोबा भावे की प्रेरणा से निकली 'भूदान स्मृति विचार एवं सद्भावना यात्रा' के तहत बिनोवा सेवा आश्रम बकतरा शाहजहांपुर के रमेश भैया 21 अप्रैल मंगलवार को सुबह 11:30 बजे मां हॉस्पिटल प्रांगण पहुंचेंगे। वे पवनार आश्रम से पोचमपल्ली (तेलंगाना) तक यात्रा पूर्ण कर चुके हैं और अब तक 35 हजार किमी पदयात्रा कर चुके हैं। भूदान यज्ञ के माध्यम से लगभग 45 लाख एकड़ भूमि दान में मिली थी। गांधी सुमिरन मंच व सर्वोदय मंडल, विदिशा ने नागरिकों से सत्संग व सहभोज में शामिल होने तथा फूल-माला न लाने का आग्रह किया है।

### महिला बाइक रैली से गूंजा पर्यटन का संदेश



**विदिशा।** मप्र पर्यटन बोर्ड की महिलाओं हेतु सुरक्षित पर्यटन स्थल परियोजना के अंतर्गत समर्थ संस्था व जिला प्रशासन के सहयोग से भव्य महिला बाइक रैली निकाली गई। एसपी रोहित कासवानी व पूर्व विधायक शशांक भार्गव ने हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। रैली जिला संग्रहालय से लोहंगी पहाड़ी, चरणतीर्थ, बीजा मंडल, ईदगाह चौराह होते हुए नीमताल पहुंची। प्रतिभागियों ने डर को हराएंगे, पर्यटन से जुड़ जाएंगे जैसे नारों से जागरूकता फैलाई। आयोजन का उद्देश्य पर्यटन स्थलों पर महिलाओं की सुरक्षा और सहभागिता सुनिश्चित करना रहा।

### प्रतिभा विकास संस्थान का उत्कृष्ट रहा परिणाम

**विदिशा।** पिछले 29 वर्षों से अभावग्रस्त एवं निम्न आय वर्ग के प्रतिभावान विद्यार्थियों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान कर रहा विदिशा प्रतिभा विकास संस्थान का हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा 2026 में शानदार परिणाम रहा। शेखर सेन ने 92.8% अंक प्राप्त कर संस्थान का नाम रोशन किया। ऋषभ मालवीय 89.8%, शीतल बैरागी 88.8%, सौरभ अहिरवार 85.8% सहित अन्य विद्यार्थियों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

### विश्व धरोहर दिवस पर सफाई अभियान

**ग्यारसपुर।** विश्व धरोहर दिवस पर जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत प्राचीन मानसरोवर तालाब और परघर झील पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया। मंडल अध्यक्ष अजय गुर्जर व सरपंच राजू कुशवाह ने अभियान की शुरुआत की। नगरवासियों ने घाटों पर झाड़ू लगाकर कचरा हटाया और जलकुंभी निकालकर जल स्रोतों को स्वच्छ बनाया। पुरातत्व संरक्षित मानसरोवर तालाब क्षेत्र का प्रमुख जल स्रोत है, जिससे आसपास के कुएं, बोरवेल व हैंडपंपों में पानी बना रहता है।

### ट्रिनिटी कॉन्वेंट ने दर्ज की शानदार जीत

**विदिशा।** कनारा क्रिकेट क्लब और जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में खेल मैदान पर कनारा इंटर-स्कूल कप 2026 का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि डीईओ शिशुपाल जाटव ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। इस दौरान मोहित रघुवंशी, प्रकाश शर्मा और संदीप सिंह डोंगर सहित विभिन्न स्कूलों के कोच मौजूद रहे। उद्घाटन मैच में ओलंपस हाई स्कूल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। ट्रिनिटी कॉन्वेंट ने निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट पर 161 रन बनाए। कप्तान रियान सक्सेना ने 61 गेंदों पर नाबाद 54 रन की पारी खेली। जवाब में ओलंपस की टीम 16.3 ओवर में 120 रन पर सिमट गई। पार्थ तिवारी ने 3 विकेट लेकर जीत में अहम भूमिका निभाई।

---

### शमशाबाद के सांगुल गांव में घटना के बाद उबाल, पटवारी-आरआई पर एफआईआर की मांग

# छह बीघा जमीन की गलत नपती बनी मौत का कारण! किसान ने खेत में लगाई फांसी

***शमशाबाद तहसील के ग्राम सांगुल में पड़ोसी किसान की जमीन की नपती के दौरान एक किसान की 6 जमीन चली जाने से आहत होकर किसान ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इसके बाद आक्रोश भड़क गया। ग्रामीणों और परिजनों ने नपती करने वाले दोषी पटवारी व गाली गलौज करने वाले पड़ोसी किसान पर प्रकरण दर्ज करने की मांग की है।***

**■ सांगुल बस स्टैंड पर शव रखकर दो घंटे तक किया गया चक्काजाम**

**■ एसडीएम के लिखित में आश्वासन देने के बाद परिजनों ने उठाया शव**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा



शमशाबाद तहसील के ग्राम सांगुल में जमीन की नपती में गड़बड़ी से आहत 60 वर्षीय किसान कालू जाट ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

परिजनों के अनुसार हाल ही में हुई राजस्व नपती में उनकी करीब 6 बीघा जमीन पड़ोसी के खाते में दर्ज हो गई थी। जीवनभर की कमाई और एकमात्र सहारे को कागजों में गायब होता देख किसान गहरे सदमे में था। बताया जा रहा है कि घटना से एक दिन पहले वह राजस्व अधिकारियों के चक्कर काटकर लौटा था। अगले ही दिन उसने अपने खेत पर जाकर फांसी लगा ली। परिवार का आरोप है कि मानसिक आघात और प्रशासनिक उदासीनता ने उसे यह कदम उठाने पर मजबूर किया। घटना के बाद ग्रामीणों और परिजनों में भारी आक्रोश फैल गया। सांगुल बस स्टैंड पर शव रखकर करीब 2 घंटे तक चक्काजाम किया गया। प्रदर्शनकारियों ने संबंधित पटवारी और आरआई पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते शिकायत पर सुनवाई होती तो एक किसान की जान बच सकती थी। अब पूरा गांव न्याय की मांग पर अड़ा है।

मृतक के भाई सूरज सिंह जाट ने थाना प्रभारी शमशाबाद को दिए आवेदन में बताया कि तीनों भाई कालूराम जाट, रमेश कुमार जाट और सूरज सिंह जाट के हिस्से में कुल 6 बीघा जमीन है। इसमें 4 बीघा कालूराम के बेटे गजेंद्र जाट और 2 बीघा रमेश जाट के नाम दर्ज है, जिस पर वे खेती करते आ रहे थे। आरोप है कि 18 तारीख को पड़ोसी की जमीन की नपती के दौरान वीरेंद्र पटवारी ने गलत नपती कर उक्त 6 बीघा जमीन पड़ोसी किसान के हिस्से में दर्ज कर दी। शाम को कालूराम जाट जब बात करने पड़ोसी के घर पहुंचे तो गाली-गलौज हुई। घटना से आहत होकर कालूराम ने फांसी लगा ली। परिजनों ने पड़ोसी किसान सहित पटवारी वीरेंद्र के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। ग्रामीणों का आक्रोश बढ़ता देख एसडीएम ने लिखित में आश्वासन दिया कि जो सीमांकन किया गया है यदि वह गलत हुआ तो उसकी जांच तहसीलदार से कराई जाएगी। पटवारी को हटाकर कथनों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

---

# आज निकलेगी भगवान परशुराम की शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा



ब्राह्मण महापंचायत, भगवान श्री परशुराम सेवादल, युवा ब्राह्मण विकास परिषद एवं ब्राह्मण महिला मंडल के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को अक्षय तृतीया के अवसर पर भगवान श्रीहरि विष्णु के छठवें अवतार भगवान परशुराम का 26वां प्राकट्योत्सव उत्साह के साथ मनाया जाएगा। सुबह 10 बजे ब्रह्म भवन ब्राह्मण समाज धर्मशाला मोहनगिरी स्थित मंदिर में अभिषेक, पूजन व आरती होगी। शाम 4 बजे परशुराम चौक पेढ़ी चौराह से भव्य शोभायात्रा प्रारंभ होकर बड़ी बजरिया, बड़ा बाजार, तिलक चौक, निकासा, माधवगंज शिवालय, हॉस्पिटल रोड होते हुए बाल विहार स्थित धर्मसभा स्थल पहुंचेगी। यहां अयोध्या से पधारे महंत ऋषीदास जी धर्मसभा को संबोधित करेंगे। आरती व प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। आयोजन में अधिक से अधिक सहभागिता की अपील की गई है।

# ब्राह्मण मैत्री महिला मंडल ने किए कार्यक्रम, नपाध्यक्ष पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा




भगवान परशुराम जयंती के उपलक्ष्य में ब्राह्मण मैत्री महिला मंडल द्वारा अग्रवाल धर्मशाला स्थित तारा देवी हॉल में भव्य कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ मातृ शक्तियों ने दीप प्रज्वलन से किया।

मुख्य अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा एवं संयोजक रितु देवलिया सहित अनेक गणमान्य महिलाएं उपस्थित रहीं। श्री महाकाल संस्कृत पाठशाला के बटुकों ने स्वस्तिवाचन कर वातावरण भक्तिमय बना दिया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में रोमा अधिकारी डांस ग्रुप व पूनम शर्मा डांस ग्रुप ने शास्त्रीय नृत्य और नाट्य मंचन से सभी का मन मोह लिया। महिला सशक्तीकरण आधारित नाटक एवं कामेष्टि यज्ञ की प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही। बच्चों की फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता और अक्षय मेला में लगे स्टॉलों ने कार्यक्रम को विशेष रूप से जीवंत बनाया। बड़ी संख्या में महिलाओं की सहभागिता रही।

---

# 17 वाहनों पर ठोका 14 हजार का जुर्माना

## अक्षय तृतीया पर विशेष चेकिंग अभियान, घंटों जाम जैसी स्थिति


हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्यारसपुर



नेशनल हाईवे-146 पर ओलिंजा पेट्रोल पंप के पास रविवार को विशेष मजिस्ट्रियल जांच अभियान चलाया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के निर्देश पर आयोजित इस कार्रवाई में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कादिर खान एवं थाना प्रभारी गोकुल अजिनेरिया की संयुक्त टीम ने दोपहिया, चारपहिया व बसों सहित सभी वाहनों की सघन जांच की। अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 17 वाहनों पर चालानी कार्रवाई करते हुए 14 हजार की वसूली की गई, वहीं कई मोटरसाइकिलें जब्त कर थाने भेजी गईं। चेकिंग करीब दो से तीन घंटे चली, जिससे हाईवे पर लंबी कतारें लग गईं। अक्षय तृतीया के कारण यातायात दबाव अधिक रहा। बैरसिया से छतरपुर जा रही एक बारात बस भी करीब डेढ़ घंटे तक जांच में रुकी रही। अधिकारियों ने हेलमेट, सीट बेल्ट व वैध दस्तावेज रखने की सख्त हिदायत दी।

### प्राचीन सिक्कों की प्रदर्शनी में उमड़ा जनसमूह

**विदिशा।** विश्व धरोहर दिवस पर इंटेक चेप्टर द्वारा जालोरी गार्डन में दो दिवसीय ऐतिहासिक स्थलों एवं प्राचीन सिक्कों की प्रदर्शनी आयोजित की गई, जिसका समापन रविवार को हुआ। प्रदर्शनी में प्राचीन वैदिश नगर से जुड़ी दुर्लभ मुद्राएं आकर्षण का केंद्र रहीं। संग्रहकर्ता मोहन प्रसाद प्रजापति ने पुरापाषाणकालीन चापर पत्थर, सातवाहन, गुप्त, नागवंश, शुंग, मौर्य, कुषाण, प्रतिहार, मुगल, मराठा, विभिन्न रियासतों तथा ब्रिटिश काल से लेकर स्वतंत्र भारत तक के सिक्के प्रदर्शित किए। नन्हे संग्राहक निमित्त सोनकर की सहभागिता भी सराही गई। शुभारंभ विधायक मुकेश टंडन ने किया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत चौबे सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।






## खबर संक्षेप

### किसान जानबूझकर लगा रहे नरवाई में आग

**गंजबासौदा।** गेहूं की फसल कटाई पूरी होते ही नगर सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में नरवाई जलाने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। इससे जहां पर्यावरण को नुकसान हो रहा है, वहीं मिट्टी की उर्वरता पर भी बुरा असर पड़ रहा है। गत दिवस पार्क सिटी कॉलोनी के पीछे खेतों में भीषण आग लग गई। आग की ऊंची लपटें और तेज धुआं दूर से ही दिखाई दे रहा था। इसके अलावा कंजना और उदयपुर रोड पर भी दो-तीन जगहों पर नरवाई में आग लगने की घटनाएं सामने आई हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, फसल कटने के बाद कई किसान जानबूझकर नरवाई में आग लगा रहे हैं। खेतों के पास बस्तियां होने के कारण लोग डर और चिंता में हैं। आग फैलने का खतरा बना रहता है और धुएं से भी परेशानी हो रही है। प्रशासन द्वारा किसानों को समझाया जा रहा है, इसके बावजूद कई जगहों पर यह सिलसिला जारी है। तहसीलदार अरविंद यादव ने बताया कि नरवाई जलाने से जमीन की गुणवत्ता खराब होती है और उत्पादन पर असर पड़ता है। उन्होंने किसानों से अपील की है कि वे नरवाई से भूसा बनाएं, जिससे उन्हें आर्थिक फायदा भी हो सकता है। उन्होंने बताया कि जहां आगजनी की घटनाऐं सामने आई हैं वहां जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

### साधना देवी सुहाने का निधन



**गंजबासौदा।** बृज किशोर सुहाने एवं स्वर्गीय श्याम बिहारी सुहाने के छोटे भाई घनश्याम दास सुहाने की धर्मपत्नी एवं ओमप्रकाश सुहाने पप्पू भैया की भाभी एवं सौरभ सुहाने की माताजी एवं राकेश सुहाने, मुकेश सुहाने, आनंद सुहाने की चाची एवं केशव सुहाने, माधव सुहाने की ताई साधना देवी सुहाने का रविवार को स्वर्गवास हो गया। जिनकी अंतिम यात्रा निज निवास नौलखी मंदिर के पीछे से दिनांक 20 अप्रैल सोमवार को सुबह 09:30 बजे पारासरी विश्राम घाट के लिए निकाली जावेगी। क्षेत्र के लोगों ने साधना देवी के निधन पर शोक व्यक्त कर दुःखी परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की हैं।

### कन्हैयालाल खंडेलवाल का निधन



**गंजबासौदा।** राकेश खंडेलवाल, हरीश खंडेलवाल के पिता एवं चेतन, शिवम के दादा कन्हैयालाल खंडेलवाल का रविवार को निधन हो गया। जिनकी अंतिम यात्रा सोमवार 20 अप्रैल को सुबह 10 बजे निज निवास से पाराशरी विश्राम घाट के लिए निकाली जावेगी। नागरिकों ने कन्हैयालाल खंडेलवाल के निधन पर शोक व्यक्त किया है।

ब्राह्मण समाज ने गत दिवस रेणुका पूजन और वाहन रैली निकाली थी

# भगवान परशुराम जयंती पर नगर में निकला भव्य चल समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा











रविवार को नगर में भगवान परशुराम का जन्मोत्सव उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ब्राह्मण समाज द्वारा नगर में भव्य एवं विशाल चल समारोह निकाला गया। जिसमें भगवान परशुराम की विशाल एवं मनोहारी झांकी आकर्षण का केन्द्र रही। वहीं महिला शक्ति भी पगडी बांधे चल समारोह में शामिल रहीं। चल समारोह का जगह जगह नागरिकों एवं श्रद्धालुओं द्वारा स्वागत किया गया।

यहां उल्लेखनीय है कि भगवान परशुराम की जयंती को गत वर्ष की तरह इस वर्ष भी ब्राह्मण समाज द्वारा समारोह पूर्वक मनाया गया है। इसके तहत गत दिवस भगवान परशुराम धर्मशाला बैदनखेडी में समाज की महिला शक्ति द्वारा माता रेणुका की पूजन अर्चन के साथ सुहागलों का आयोजन किया गया था। वहीं शाम को समाज के युवाओं एवं नागरिकों ने नगर में विशाल वाहन रैली निकालकर विप्रजनों एवं आम जन को रविवार को निकलने वाले चल समारोह के लिए आमंत्रित किया।

रविवार को भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर सुबह से ही सिरोंज तिराहा स्थित नौलखी मंदिर धर्मशाला में तैयारियां शुरू हो गई थीं। मंदिर में भगवान परशुराम की विधिवत पूजन अर्चन के बाद दोपहर बाद चल समारोह का शुभारंभ किया गया। चल समारोह में सबसे आगे अश्वारूढ युवक हाथों में धर्मध्वज लिए चल रहे थे। उनके पीछे समाज की महिला शक्ति सिर पर साफा बांधे और बैंड बाजे की धार्मिक धुनों पर झूमते हुए चल रही थीं। चल समारोह में एक रथ पर भगवान परशुराम की आदमकद प्रतिमा के साथ भव्य एवं मनोहारी झांकी सजाई गई थी। जो पूरे चल समारोह में सबसे अधिक आकर्षण का केन्द्र रही। इसके अलावा एक अन्य रथ पर नौलखी धाम के श्रीमहंत राममनोहर दास विराजमान थे।

चल समारोह में अखाडे के युवाओं द्वारा एक से बढकर एक करतबों का प्रदर्शन किया। वरिष्ठ और युवा पहलवानों एवं करतबबाजों के बीच बच्चों ने भी अखाडे में अपनी कला कौशल का प्रदर्शन किया। चल समारोह में भालू और अन्य जंगली जीवों के नमूने भी मनोरंजन का केन्द्र रहे। नौलखी धर्मशाला से आरंभ हुआ चल समारोह नगर के मुख्य मार्गों गांधी चौक, सावरकर चौक, हनुमान चौक, जयस्तंभ चौक, बरेठ रोड, भगवान परशुराम द्वार, महाराणा प्रताप चौक होते हुए बैदनखेडी स्थित भगवान परशुराम धर्मशाला पहुंचा। जहां विधिवत पूजन अर्चन कर चल समारोह का समापन किया गया और श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की गई।



इस दौरान चल समारोह में विधायक हरिसिंह रघुवंशी, नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव, मनोज यादव सहित अन्य समाजों संगठनों, संस्थाओं के प्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं ने चल समारोह का स्वागत करते हुए भगवान परशुराम की आरती उतारी और चल समारोह में शामिल श्रद्धालुओं को जलपान कराया। साथ ही स्वयं भी चल समारोह में पैदल चलते हुए शामिल रहे। इस अवसर पर ब्राह्मण समाज अध्यक्ष संतोष शर्मा, राजेश तिवारी, रामकिशोर शर्मा, रूपेन्द्र शर्मा, डॉ राकेश सिंह जादौन, सुरेन्द्र सिंह दांगी, अशोक अग्रवाल मंकूजी, सनी भावसार, राजू रैकवार, पं अभिषेक कृष्ण शास्त्री, पं देवेन्द्र भार्गव, राजकुमार शुक्ला, अनिल दुबे, संदीप जेटली, संदीप रावत, मयंक तेनगुरिया सहित बडी संख्या में विप्रजन एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## शराब ठेकेदार ने दुकान हटाने का दिया आश्वासन, धरना प्रदर्शन रहेगा जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

स्टेशन क्षेत्र स्थित हनुमान-शिव मंदिर के समीप से शराब दुकान को हटाने के लिए युवा एवं नागरिक शांतिपूर्ण ढंग से आंदोलनरत हैं। गत दिवस शराब ठेकेदार के प्रबंधक ने प्रदर्शनकारियों को 15 दिनों के भीतर दुकान हटाने का लिखित आश्वासन दिया है, लेकिन प्रदर्शनकारी युवाओ का कहना है कि जब तक यह वादा हकीकत में नहीं बदलता, तब तक स्थानीय नागरिकों के साथ अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शाँति पूर्ण तरीके से जारी रहेगा।

ज्ञात हो कि मंदिर परिसर के पास शराब दुकान होने से लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हो रही हैं, महिलाएं यहां से निकल नही पाती है। वही रात्रि में रेल यात्रियों के साथ शराबी बदसलूकी तक करते नजर आते है और क्षेत्र का सामाजिक माहौल भी प्रभावित हो रहा है। इस बीच गत दिवस शराब ठेकेदार के प्रबंधक प्रबंधक संतोष सिंह ने प्रदर्शनकारियों को लिखित आश्वासन दिया है कि वे 15 दिवस में दूसरी जगह अपनी शराब दुकान स्थानांतरित कर लेंगे। लेकिन आंदोलनकारियों का साफ कहना है अब सिर्फ आश्वासन नहीं, ठोस कार्रवाई चाहिए। प्रशासन पर दबाव लगातार बढ़ रहा है और सभी की नजर शराब दुकान प्रबंधक की 15 दिवस की तय समयसीमा पर टिकी रहेगी कि दुकान हटती है या नहीं।

### किसानों की समस्याएं शीघ्र हल नहीं हुई तो किसानों के साथ करेंगे आंदोलन:परमार

**गंजबासौदा।** कांग्रेस के जिला महामंत्री वरिष्ठ कांग्रेस नेता नागेंद्र सिंह परमार ने भाजपा सरकार पर आरोप लगाया है कि वह जान बूझकर खरीदी केंद्र पर व्याप्त समस्याओं का निराकरण नहीं करना चाहती जिससे किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है उन्होंने कहा कि समर्थन मूल्य पर किसानों के चना की फसल नहीं तुलवाई जा रही गेहूं की उपज में भी खराबी बता कर कई जगह कम से कम खरीदी की जा रही है जिससे किसानों को अपने खर्चों के लिए बाजार में कम दामों पर अपनी उपज बेचने पर मजबूर होना पड़ रहा है वही के जगह पर किसानों के स्लॉट भी बुक नहीं हो पा रहे परमार ने कहा कि सैटेलाइट सर्वे में भी अनेक किसानों की फसलों को गलत बताया जा रहा है जिससे किसान अत्यधिक परेशान हो रहे हैं नागेंद्र सिंह परमार ने प्रशासन को चेतावनी दि है कि यदि शीघ्र ही खरीदी केंद्रों पर चना की तुलाई और गेहूं की खरीदी प्रक्रिया सुचारू रूप से नहीं की गई तो वह किसानों के साथ धरना प्रदर्शन और आंदोलन करने पर मजबूर होंगे जिसकी सारी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

# हनुमान चालीसा पाठ का 125वां चरण संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



हिंदू चेतना सेवा समिति द्वारा संचालित नशा मुक्त भारत अभियान एवं युवाओं को धर्म और आध्यात्म से जोड़ने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत शनिवार को हनुमान चालीसा पाठ का 125 वां चरण श्री कारस देव बाबा मंदिर, वार्ड क्रमांक 2, खारे कुआं के पास पर अत्यंत श्रद्धा, उत्साह और भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुई, जिसके पश्चात श्रद्धालुओं द्वारा सात बार हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया गया। पाठ के दौरान पूरा मंदिर परिसर "जय श्री राम" और "जय बजरंगबली" के जयकारों से गूंज उठा, जिससे वातावरण पूर्णतः भक्तिमय और ऊर्जा से ओत-प्रोत हो गया। पाठ के उपरांत भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय युवाओं एवं श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इसके पश्चात सामूहिक आरती की गई और सभी उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मोहल्ले के लोगों की बड़ी संख्या में सहभागिता देखने को मिली, जिससे सामाजिक एकता और धार्मिक जागरूकता का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत हुआ। इस अवसर पर मंदिर के समीप निवासरत धर्मेंद्र यादव ने समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि "हिंदू चेतना सेवा समिति द्वारा चलाया जा रहा यह अभियान समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला रहा है। विशेषकर युवाओं को नशे से दूर कर धर्म की ओर प्रेरित करना एक अत्यंत सराहनीय और अनुकरणीय पहल है।" समिति अध्यक्ष राकेश सिंह रघुवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि समिति का मुख्य उद्देश्य नगर में धार्मिक चेतना का प्रसार करना और युवाओं को नशा मुक्त जीवन की ओर प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि "हमारा प्रयास है कि गंजबासौदा का प्रत्येक युवा धर्म और संस्कारों से जुड़े तथा समाज में एक सकारात्मक भूमिका निभाए। हनुमान चालीसा पाठ के माध्यम से हम न केवल धार्मिक आयोजन कर रहे हैं, बल्कि एक सामाजिक जागरूकता अभियान भी चला रहे हैं।"उन्होंने आगे बताया कि समिति द्वारा नगर के विभिन्न मंदिरों और मोहल्लों में निरंतर हनुमान चालीसा पाठ के चरण आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे अधिक से अधिक लोगों तक इस अभियान का संदेश पहुंच सके। यह अभियान अब एक जनआंदोलन का रूप लेता जा रहा है, जिसमें हर वर्ग के लोग बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से हिंदू वीर विशाल सेन, अनिकेत पाल, महेंद्र पाल, नरेंद्र राय, अर्णव रघुवंशी, मोहित तिवारी, अखिलेश तिवारी, नंदकिशोर वर्मा, प्रशांत शर्मा, विपिन बिहारी तिवारी, गजराज राय, कियाना रघुवंशी, संतोष विश्वकर्मा, ऋषिकांत माथुर, देवांश माथुर, मनीष सेन, राजेंद्र यादव, महेंद्र सिंह यादव, रामगोपाल यादव, राम प्रसाद कुशवाहा, कैलाश यादव सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। इस प्रकार हनुमान चालीसा पाठ का 125 वां चरण न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र बना, बल्कि समाज में एकता, सद्भाव और नशा मुक्ति के संदेश को भी सशक्त रूप से प्रसारित करने में सफल रहा।

# बासौदा में अवैध रेत भंडारण पर कार्रवाई 3 ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त कर प्रकरण दर्ज किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन में जिले में अवैध खनिज उत्खनन एवं भंडारण के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में रविवार को खनिज विभाग के अधिकारियों ने हल्का पटवारी के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए ग्राम चौरावर, तहसील बासौदा में अवैध रूप से रेत का भंडारण पाए जाने पर मौके पर कार्रवाई की गई। निरीक्षण के दौरान बिना अनुमति रेत का भंडारण किया जाना पाया गया, जिस पर संबंधित भंडारण को जब्त करते हुए प्रकरण दर्ज किया गया। साथ ही कार्रवाई के दौरान तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली—MP40AB0626, MP40ZD3285 एवं सोनालिका (Ch. No. SL0003SA16988) को भी जब्त किया गया। जब्त किए गए वाहन थाना देहात, तहसील बासौदा में सुरक्षित रखवाए गए हैं। संबंधित प्रकरण मध्य प्रदेश खनिज अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत तैयार कर कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। जिला में अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के खिलाफ सख्त कार्रवाई निरंतर जारी है।

जिला खनिज अधिकारी प्रशांत तिवारी ने आमजन से भी अपील की है कि वे ऐसे किसी भी अवैध गतिविधि की सूचना प्रशासन को दें, ताकि त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।



साप्ताहिक श्रमदान अभियान 5.0 का 28 वां चरण संपन्न

# बढ़ती गर्मी के साथ बढ़ा कचरा, नहीं बदल रही आदतें





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा


बेतवा नदी की स्वच्छता और संरक्षण के लिए निरंतर प्रयासरत श्रमदान दल गंजबासौदा के तत्वाधान में संचालित साप्ताहिक श्रमदान अभियान 5.0 के अंतर्गत अट्ठाईसवें चरण का नदी जल स्वच्छता कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। हर रविवार की भाँति इस सप्ताह भी दल के सदस्यों ने नदी के प्रवाह क्षेत्र एवं घाट किनारों से कचरे को एकत्रित किया। प्लास्टिक, पॉलीथिन, खाद्य सामग्री के अवशेष, कपड़े तथा अन्य अपशिष्टों को घंटों की मेहनत के बाद बाहर निकाला गया। यह अभियान केवल स्वच्छता का कार्य नहीं, बल्कि समाज को जागरूक करने का सतत प्रयास भी है। बढ़ती गर्मी के साथ ही गंदगी भी बढ रही है। जैसे-जैसे गर्मी का प्रकोप बढ़ रहा है, नदी घाटों पर लोगों की आवाजाही में लगातार वृद्धि हो रही है। लोग ठंडक और सुकून की तलाश में घाटों तक पहुँच रहे हैं, लेकिन दुर्भाग्यवश इसके साथ ही कचरा फैलाने की प्रवृत्ति भी तेज़ हो गई है। परिणामस्वरूप हर सप्ताह निकलने वाले कचरे की मात्रा में अचानक बढ़ोतरी देखी जा रही है, जो नदी की स्वच्छता के लिए गंभीर चुनौती बनती जा रही है। जागरूकता बनाम व्यवहार श्रमदान दल द्वारा सोशल मीडिया, मौखिक संवाद, प्रत्यक्ष आग्रह और प्रिंट मीडिया के माध्यम से लगातार जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके बावजूद समाज का एक बड़ा वर्ग अपनी आदतों में अपेक्षित सुधार नहीं कर पा रहा है। ऐसे में यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है क्या केवल जागरूकता ही पर्याप्त है? या अब समय आ गया है कि हम अपनी जिम्मेदारी को व्यवहार में उतारें? आज आवश्यकता इस बात की है कि हम गंगा नदी और यमुना नदी के अनुभवों से सीख लें। वर्षों की उपेक्षा ने इन नदियों को प्रदूषण की गंभीर स्थिति तक पहुँचा दिया है, जिसके बाद बड़े स्तर पर प्रयास शुरू करने पड़ रहे हैं। हमारी बेतवा अभी उस मोड़ पर नहीं पहुँची है लेकिन यदि हमने समय रहते अपनी आदतें नहीं बदलीं, तो हालात वैसी ही दिशा में जा सकते हैं। सबसे बड़ा सवाल है अब समय आ गया है इस बात पर गंभीरता से गौर करने का कि क्या हम भी तैयार हैं प्रदूषित जल के दुष्परिणाम झेलने के लिए? क्योंकि यह केवल नदी का नहीं, हमारे स्वास्थ्य, हमारी आने वाली पीढ़ियों और पूरे पर्यावरण का प्रश्न है। प्रदूषित जल बीमारियों को जन्म देता है, जीवन की गुणवत्ता को प्रभावित करता है और धीरे-धीरे समाज की नींव को कमजोर कर देता है। एक आवश्यक संकल्प को लेकर श्रमदान दल ने नागरिकों से अपील की है कि वे घाटों की स्वच्छता बनाए रखें, कचरा इधर-उधर न फैलाएं और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। जिससे नदी और घाट स्वच्छ रह सकें।

# बादलों ने बढ़ाई किसानों की चिंता फसलों की सुरक्षा में जुटे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



रविवार को आसमान पर बादल छाते ही किसानों की बेचैनी बढ गई और वे तुलाई के इंतजार में खुले में रखी अपनी उपज की सुरक्षा में जुट गए । उल्लेखनीय है कि इन दिनों समर्थन मूल्य पर उपज तुलाई जारी है और किसानों ने अपनी उपज खलिहानों में खुले में रख छोडी है। इस बीच गत दिवस से छा रहे बादल आज गहरा गए और उनसे बारिश की संभावना को देखते हुए किसानों की बेचैनी बढ गई। बादलों को देख किसानों ने अपनी उपज को तिरपालों से ढंकना शुरू कर दिया है। हांलाकि मौसम की जानकारी देने वाली वेबसाइटों ने अभी बारिश के संकेत नहीं दिए हैं। इन वेबसाइटों ने आगामी दिनों में गर्मी तेज पडने और तापमान में उछाल के संकेत दिए हैं। अगले सप्ताह से इलाके में भीषण गर्मी के पूर्वानुमान हैं।



नीति, साधना और शक्ति से जीने के सूत्र ही

# भगवान परशुराम जी

का संदेश है



**नीति, साधना, और शक्ति से जीने से सूत्र ही भगवान परशुराम का संदेश है...**

प्रिय बंधुओं आज भगवान परशुराम जी का अवतरण दिवस है। वैशाख शुक्ल पक्ष की तृतीया सत्य और धर्म की स्थापना के लिये आज ही भगवान परशुराम जी घरती पर अवतरित हुये थे। उनके स्वरूप में भगवान नारायण का पहला पूर्णावतार हुआ। भगवान परशुराम जी का यह अवतार अक्षय है. अनंत है। इसलिए आज की तिथि अक्षय तृतीया बनी। आज के दिन का प्रत्येक पल पवित्र है, पावन है। उसका अस्तित्व और स्मरण पावनकारी है. कल्याणकारी है। वे चारों युग में है, चारों वर्ण में है। सृष्टि का ऐसा कोई कण नहीं जहां उनका अस्तित्व न हो। संसार का ऐसा कोई जीवन नहीं जिसमें उनका स्पंदन न हो। वे शास्त्र में भी है और शस्त्र में भी। उनके आगे चारों वेद चलते हैं, पीछे तीरों से तूणीर सज्जित है। वह श्राप देने और दंड देने दोनों में समर्थ है सत्य के मार्ग पर चलने वालों को उन्होंने संरक्षण दिया तो दुष्टों का सर्वनास। उनके स्वरों में यदि वेदों की ऋचाएं स्फुरित हुई भगवान दत्तात्रेय के संकेत पर श्रीविद्या से संसार को अवगत कराया तो उनके शिष्य सुमेधा में संसार में शक्ति पूजा संप्रचारित की। अर्थात नीति साधना और शक्ति से जीने के सूत्र ही भगवान परशुराम का संदेश है। इसी संदेश के साथ उन्होने दो वार समूची धरती की यात्रा की। सत्य और धर्म की संस्थापना का मार्न दिखाया।

संसार का ऐसा कौनसा देश है जहां भगवान परशुराम जी की स्मृतियाँ न झलकती हो। आज पृथ्वी के जिस भाग में भी उत्खनन होता है वहीं भगवान परशुराम जी के चिन्ह मिलते हैं। यदि लेटिन अमेरिका के उत्खनन में श्रीयंत्र जैसी विशाल आकृति उभरी तो इटली के उत्खनन में परशु और धनुषधारी पाषाण प्रतिमा के अव चिन्ह मिले। मध्य एशिया में कभी पारस साम्राज्य समृद्ध रहा है। संस्कृत की जिस धातु से परशु शब्द बनता है उसी से शब्द पाटस। अर्थात पारस साम्राज्य भी कभी भगवान परशुराम जी से ही संबंधित रहा। भारत के 147 स्थानों पर भगवान परशुराम जी के प्राचीन मंदिरों के अवशेष उत्खनन में प्राप्त होते हैं। धर्म की स्थापना और दुष्टता के नाशा के लिये भगवान नारायण के सातवे अवतार भगवान राम को विष्णु धनुष उन्हीं ने दिया तो आठ वें अवतार भगवान कृष्ण की सुदर्शन चक्र और गीता का संदेश भगवान परशुराम जी ने ही प्रदान किया। नौवें अवतार भगवान बुद्ध को परम ज्ञान भी भगवान परशुराम जी की तपोस्थली गया जी से प्राप्त हुआ और कलियुग के परित्राण के लिये पृथ्वी पर अवतरित होने वाले भगवान कल्कि को शस्त्र और शास्त्र का संदेश भी भगवान परशुराम जी ही देंगे। कहने का आशय यही कि धरती का प्रतीक कण उन्ही से स्पंदित है, उनका ऋणी है।

उनके इस पावन अवतरण दिवस पर एक प्रश्न हमारे मन में उठना चाहिए और एक संकल्प हम सबको लेना चाहिये। प्रश्न यह कि बुद्धि बल और शक्ति के दाता भगवान परशुराम जी का अवतरण हमारी धरती पर हुआ, हम सबने कभी न कभी, किसी न किसी जन्म में उनका सानिध्य प्राप्त किया तो आज इतनी विषमता, इतनी विकृति विपन्नता क्यों है ? इसका एक ही उत्तर है और एक ही समधान है वह है शस्त्र, शास्त्र और संगठन के संतुलन से जीवन को संरक्षित करना। भगवान परशुराम जी ने गुरुओं से ज्ञान लेने की लीला की फिर समूचे संसार की यात्रा करके समस्त पृथ्वी वासियों की एक सूत्र में पिरोया था। आज हम शास्त्र से भी दूर हैं और शस्त्र है भी. संगठन से भी दूर है और सामाजिक समरूपता से भी। शक्ति से दूर हैं और युक्ति से भी। यही हमादी विपदा का कारण है।

हम आज भगवान परशुराम जी के अवतरण दिवस का उत्सव मनायें, एक दूसरे को शुभकामनाएँ भेंट करें, लेकिन इसके साथ एक संकल्प भी लें. स्वयं को योग्य बनाने का और हिन्दू समाज को एक बनाने का। व्यक्तित्व का समग्र विकास हो, परिवार गुणी और समृद्ध हो समाज सुसंस्कृत और सुगठित हो और सभी व्यक्ति, सभी परिवार, सभी समाज हमारे राष्ट्र की समग्र शक्ति बनें तो ही भारत विश्व शक्ति बनेगा विश्व गुरु बनेगा और पूरी धरती पर स्वराज स्थापित हो सकेगा।

श्री हरि के छठवें अवतार विप्रकुल गौरव धर्म व नीति की प्रतिमूर्ति

**भगवान श्री परशुराम**
**जन्मोत्सव की**
**हार्दिक शुभकामनाएं**



**श्री प्रतापभानु शर्मा**
पूर्व सांसद



**श्री राकेश शर्मा**
नगर पालिका
अध्यक्ष प्रतिनिधि



**श्री संतोष शर्मा**
जिला उपाध्यक्ष
भारतीय जनता पार्टी



**श्री पंकज पांडे**
जिला उपाध्यक्ष
भारतीय जनता पार्टी



**श्री राजेश दुबे**
वरिष्ठ
कांग्रेस नेता



**श्री उमाशंकर दुबे**
कोलोनाइज़र
श्री बाकेबिहारी एसोसिएट्स

## खबर संक्षेप

### मां शारदा हाईस्कूल का रहा परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत

**बाड़ी।** अशासकीय संस्था मां शारदा ज्ञान मंदिर हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रितशत रहा जिसमे कु. सृष्टी विश्वकर्मा ने 91.4% अंक प्राप्त कर संस्था में प्रथम स्थान प्राप्त किया, द्वितीय स्थान वैभव शर्मा 91.2% स्थान तृतीय कु. स्नेह ठाकुर 86%, चतुर्थ कु. अर्चना ठाकुर 85.8% पाचवा कु. मुस्कान ठाकुर 83% मैजुदीन कुरैशी 83%, कु. मनीषा यादव 81%, मयंक ठाकुर 81%, कु.उन्नति गौर 73%, आकाश सराठे 71%, गोविन्द अहिरवार 71%, अभिनव ठाकुर 70%, संजय दुबे 62%, ज्योति यादव 60%, लक्ष्य यादव 60% मान्यता ठाकुर 60% अंक प्राप्त कर प्रथम श्रेणी में उत्तरिन हुए संस्था की प्राचार्य श्रीमती मनीषा श्रीवास्तव एवं शाला परिवार की और से सभी छात्र-छात्राओं को बधाई दी।

### युवक की बाइक में मारी टक्कर, 1 गंभीर धायल

**सलामतपुर।** भोपाल विदिशा हाइवे 18 के बेरखेड़ी चौराहे के पास दो युवकों खाना खाने ढाबे पर जा रहे थे उसी समय एक मोटरसाइकिल चालक ने उनकी मोटरसाइकिल में पीछे से टक्कर मार दी। जिसकी वजह से पीछे बैठे युवक को गंभीर चोटें आ गई। लेकिन गनीमत रही कि मोटरसाइकिल चला रहे युवक को किसी भी तरह की कोई चोट नही आई। दुर्घटना के बाद सबसे पहले घायल युवक को सांची सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। लेकिन हालत बिगड़ने पर युवक को विदिशा अस्पताल रेफर किया गया है।जहां उसका उपचार चल रहा है।

### घेराबंदी कर 8 महीने से फरार आरोपी गिरफ्तार

**दीवानगंज।** रायसेन जिले के सांची विकासखंड अंतर्गत जमुनिया खेजड़ा स्थित वेलस्पन कंपनी परिसर में रविवार को विदिशा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 8 महीनों से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई में कंपनी की सुरक्षा टीम ने भी अहम भूमिका निभाई। प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी जितेंद्र यादव उम्र 25 वर्ष ट्राला लेकर कंपनी में लोडिंग के लिए आया हुआ था। इसी दौरान विदिशा पुलिस को उसकी मौजूदगी की सूचना मिली और पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को दबोच लिया।

## स्वच्छता का दिया संदेश, गूंजे जय परशुराम के जयकारे, सड़कों पर उमड़ा जनसैलाब



# परशुराम प्रकटोत्सव पर शहर में निकाली भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

भृगुकुल नंदन भगवान परशुराम जयंती महोत्सव के अवसर पर रविवार को शहर में सर्व ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। सिद्ध दादाजी हनुमान मंदिर, गंजबाजार से प्रारंभ हुई इस शोभायात्रा ने पूरे शहर का माहौल भक्तिमय बना दिया। डीजे और बैंडबाजों ढोल नगाड़ों की धुन पर "जय भगवान परशुराम" और "जय विप्र समाज" के जयकारों से पूरा नगर गूंज उठा।

शोभायात्रा के अग्रभाग में सुसज्जित रथ पर भगवान परशुराम की आकर्षक झांकी स्थापित की गई थी, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी रही। इसके आगे दो युवक घोड़े पर सवार होकर धर्म ध्वजा और फरसा लिए हुए चल रहे थे, जो परंपरा और शौर्य का प्रतीक नजर आए। शोभायात्रा में शामिल पुरुषों ने सफेद धोती-कुर्ता और केसरिया पगड़ी धारण की, जबकि महिलाएं एक समान साड़ियों में सुसज्जित दिखाई दीं। जिससे सामाजिक एकता और अनुशासन का सुंदर संदेश मिला।

### पुष्प वर्षा कर किया स्वागत

मार्ग में विभिन्न सामाजिक संगठनों और नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। कई स्थानों पर श्रद्धालुओं के लिए मैंगो जूस, शरबत और शीतल जल की व्यवस्था भी की गई। महामाया चौक और भारत माता चौराहे सहित प्रमुख स्थानों पर समाजसेवियों और नागरिकों ने उत्साहपूर्वक स्वागत किया।

इस दौरान विप्र समाज ने स्वच्छता का संदेश भी दिया। शोभायात्रा में शामिल लोगों ने नागरिकों से स्वच्छता बनाए रखने और शहर को सुंदर बनाने का आह्वान किया। शोभायात्रा में शामिल बच्चों को महापुरुषों की वेशभूषा में तैयार किया गया था। जिन्होंने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन भी किया। यह दृश्य लोगों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा।

### अखाड़े में दिखाए हैरतअंगेज करतब

शोभायात्रा में युवाओं ने अखाड़े के माध्यम से तलवार, बनेटी और भाला जैसे



पारंपरिक अस्त्र-शस्त्रों का प्रदर्शन कर हैरतअंग्रेज करतब दिखाए। वहीं युवतियों ने भी अस्त्र-शस्त्र प्रदर्शन कर समाज में महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया। पूरे मार्ग में उत्साह और ऊर्जा का वातावरण बना रहा। वहीं कुछ स्थानों पर युवाओं ने आतिशबाजी कर उत्सव को और रंगीन बना दिया।

शोभायात्रा का समापन सर्व मनोकामना सिद्ध हनुमान मंदिर, श्रीरामपुर (नवाबपुर) परिसर में हुआ, जहां विधिवत हवन-पूजन और आरती के बाद सामूहिक सहभोज का आयोजन किया गया। इसमें विप्र समाज के लोगों ने परिवार सहित प्रसादी ग्रहण की और सामाजिक एकता का परिचय दिया।



कार्यक्रम में सर्व ब्राह्मण समाज जिलाध्यक्ष अवधेश दीक्षित एडवोकेट परशुराम प्रकटोत्सव पर शहर में निकली भव्य शोभायात्रा, विप्र समाज ने दिया शहरवासियों को स्वछता का संदेश, गूंजे भगवान जय परशुराम के जयकारे

सर्व ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में रविवार को सुबह सिद्ध दादाजी सिद्ध हनुमान मंदिर गंज बाजार से भृगुकुल नंदन भगवान परशुराम जयंती महोत्सव के शहर में डीजे बैंडबाजों के बीच भव्य शोभायात्रा की शुरूआत की गई। सर्व ब्राह्मण समाज उन्नति एवं कल्याण समिति रायसेन की ओर से आयोजित भव्य शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया।

रविवार को शहर के इस विशाल शोभायात्रा के आगे एक रथ में भगवान परशुराम की प्रतिमा की जीवंत झांकी थी। आगे आगे विप्र समाज के दो युवक घोड़े पर सवार हाथों में धर्म ध्वजा फरसा रख कर चल रहे थे।

इस शोभायात्रा में डीजे बैंडबाजों की धुन पर जय भगवान परशुराम जय विप्र समाज के जयकारे गूंजते रहे। मार्ग में विभिन्न संगठनों और महामाया चौक मे श्री हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष रवि खत्री , शिक्षक सीताराम रैकवार, राजकुमार खत्री,समस्त हिंदू उत्सव समिति के पदाधिकारियों ने, भारत माता चौराहे पर श्रम जीवी पत्रकार संघ जिलाध्यक्ष संजय चौहान, बारेलाल सूर्यवंशी, हुकम सिंह आदि ने भी पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। शोभायात्रा में विप्र समाज की महिलाएं एक समान साड़ी में नजर आईं। पुरुषों ने केसरिया पगड़ी धारण की थी। महिलाओं ने भगवान परशुराम की पूजन कर आरती उतारी।

# क्षेत्र के साधु संतों की उपस्थिति में परशुराम प्रकटोत्सव में किया गया पूजन समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

रविवार को पिपलेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में भगवान परशुराम जी का प्रकटोत्सव पूजन समारोह क्षेत्र के साधु सन्तो की उपस्थिति में ब्राम्हण समाज द्वारा उत्साहपूर्वक मनाया गया। परशुराम सेना युवा ब्राम्हण महा परिषद के तत्वाधान में हुए परशुराम प्रकटोत्सव पूजन समारोह में नगर के साथ क्षेत्र के अनेक ग्रामों से आए ब्राम्हणों, युवाओं, पुजारियों की भारी उपस्थिति रही।

### सामूहिक पूजन आरती

भगवान परशुराम के चित्र के समक्ष विदवान पंडितों द्वारा विधि-विधान से पूजन सम्पन कराई गई। कार्यक्रम में नेपाली बाबा,




बगलवाड़ा से गिरीशदास महाराज, समनापुर वाले बड़े भैया, बापौली धाम से मुक्तानंद महाराज बौरास कुटी एवं त्रिलाक चंद अंडिया वाले गुरुजी, पं. चन्द्रकांत शास्त्री इत्यादि की मचांसीन उपस्थिति सभी के द्वारा भगवान परशुराम जी का पूजन और सामूहिक आरती की गई। सभी साधु सन्तो, ब्राम्हणों का ब्राम्हण युवा परिषद एवं परशुराम सेना के पदाधिकारियों मनमोहन शर्मा, अमरीश व्यास द्वारा पुष्पहार पहिनाकर, तिलक लगा कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान सत्तु एवं स्वल्पाहार प्रसादी के रूप में वितरण किया गया।

विश्व शांति कल्याण की कामना-कार्यक्रम के दौरान मंचासीन साधु सन्तो ने आर्शीवाद वचन के दौरान कहा कि सनातन हिन्दू समाज हमेशा विश्व शांति कल्याण की कामना करता है। ब्राम्हणों के आराध्य भगवान परशुराम ने भी सेवा सहायता के साथ अन्याय से संघर्ष का मार्ग दिखाया। ब्राम्हणों की एकता संगठन पर जोर दिया।

### निकाली वाहन रैली

भगवान परशुराम की झांकी के साथ परशुराम सेवा युवा ब्राम्हण महा परिषद के द्वारा केशरिया ध्वज पताकाओं के साथ वाहन रैली धूमधाम से निकाली गई।

# विधि विधान से मनाई गई परशुराम जयंती, हुए कई धार्मिक आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

नगर में भगवान परशुराम जयंती के पावन अवसर पर रविवार को सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा भव्य धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कांठिया मंदिर परिसर श्रद्धालुओं से भरा रहा और पूरे वातावरण में भक्ति, आस्था और उत्साह का माहौल देखने को मिला।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रातःकाल विधि-विधान से भगवान परशुराम के पूजन से हुई। इसके बाद वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन संपन्न कराया गया, जिसमें समाज के लोगों ने आहुति देकर धर्म लाभ प्राप्त किया। हवन के पश्चात सामूहिक आरती की गई और सुंदरकांड पाठ का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालु पूरे समय भक्ति भाव से लीन रहे। मंदिर परिसर में गूंजते भजनों और मंत्रों ने आयोजन को और अधिक आध्यात्मिक बना दिया।

सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष राजेश मिश्रा ने बताया कि परशुराम जयंती समाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण पर्व है, जिसे हर वर्ष सामूहिक रूप से मनाया



जाता है। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन न केवल आस्था को सुदृढ़ करते हैं, बल्कि समाज में एकता, भाईचारे और सांस्कृतिक परंपराओं को भी सशक्त बनाते हैं। उन्होंने आयोजन में सहयोग देने वाले सभी समाजजनों का आभार भी व्यक्त किया। इस आयोजन में अरविंद मिश्रा, विश्वबंधु तिवारी, श्रीराम आचार्य, संजीव मिश्रा, संदीप शर्मा, आशीष पाण्डेय, देवेश पाण्डेय, उमेश चौबे सहित विप्रजन उपस्थित रहे।

# पीएम श्री कन्या हायर सेकंडरी का बेहतर रहा बोर्ड परीक्षा परिणाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली


शा. पीएम श्री कन्या हा.से. की बोर्ड परीक्षा में कक्षा 10 वी में 93 प्रतिशत एवं कथा 12वीं में 72 प्रतिशत छात्राओं ने परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय और नगर का गौरव बढ़ाया गया। कला संकाय की छात्रा कु. स्वाति अहिरवार ने सर्वाधिक अंक प्राप्त कर स्कूटी की पात्रता प्राप्त की। प्राचार्य यूएस अहिरवार एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने स्वाति अहिरवार को पुष्पहार पहनाकर एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया।

प्राचार्य यूएस अहिरवार ने कहा कि सभी के सामूहिक प्रयासों से परीक्षा परिणाम में उन्नयन हुआ है। भविष्य में और बेहतर परिणाम लाने में सफल होगें।

# गेहूं खरीद में तौल की धीमी गति, स्लाट बुक नहीं होने से किसान हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

वर्तमान समय में क्षेत्र में दो कार्य सर्वाधिक महत्वपूर्ण बने हुए है। एक समर्थन मूल्य पर गेंहू के बैचने स्लाट बुक करना, दूसरा गेंहू के लगे ढेरों की सुरक्षा और भारी संख्या में हो रहे विवाह कार्यक्रमों में सम्मिलित होने भागदौड़ व्यस्तता का माहौल बना हुआ है। सरकार कह रही है कि सबसे पहले छोटे किसानों का गेंहू खरीदा जाएगा। परन्तु जब स्लाट ही बुक नहीं हो रहे तो गेंहू तौल खरीद और बिल नहीं बन पाने की स्थिति से क्षेत्र के हजारों किसान भारी हैरान-परेशान बने हुए है। सेटेलाइट



खरीद व्यवस्था से निराश किसान-

फसल सत्यपन और कभी भी पोर्टल बंद और सर्वर डाउन होना किसानों के लिए बड़ी बाधा और समस्या बनने से खरीदी केन्द्रों पर गेंहू की तौल की गति अतियन्त धीमी बनी हुई है।

इस वर्ष समर्थन मूल्य पर गेंहू की खरीद में जिस प्रकार की अव्यवस्था और विभिन्न बाधाएं बनी हुई है। उससे किसानों में निराशा और आक्रोश का माहौल बन रहा है। खरीद की तिथि बढ़ाए जाने के साथ, आधी-अधूरी व्यवस्थाओं के साथ उपज का सेटेलाइट तस्वीर से सत्यापन, समय पर राजस्व विभाग के द्वारा फसल गिरदावरी न करना, स्लाट बुक न होना, पोर्टल कभी भी बंद हो जाने के साथ वारदाने की कमी मुख्य समस्या बन रही है। किसानों द्वारा समर्थन मूल्य पर तौल खरीद की उम्मीद में खरीदी केन्द्र बने वेयर हाउसों के बाहर गेंहू के ढेर लगाकर दिन-रात रखवाली की जा रही है। कुछ ऐसे भी वेयर हाउसों को केन्द्र बनाया गया है जहाँ पूर्व से उनमें उपज भरी हुई है। और स्थान की कमी महसूस की जा रही है।

# 60 किसानों को 80 साल से काबिज जमीन पर नहीं मिल सका अधिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

सांची विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत गीदगढ़ के सरपंच लीला किशन अहिरवार के नेतृत्व में रविवार को ग्रामीणों ने भोपाल पहुंचकर पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को उनके बंगले पर ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन क्षेत्रीय विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी के नेतृत्व में दिया गया।

ग्रामीणों ने अपनी समस्या रखते हुए बताया कि सांची ब्लॉक के पटवारी हल्का नंबर 10 की लगभग 722 एकड़ जमीन, जो वर्ष 1963 में वन विभाग से राजस्व विभाग को हस्तांतरित हो चुकी है, उसका आज तक राजस्व रिकॉर्ड में सही दर्ज नहीं किया गया है।

आवेदन में बताया गया कि करीब 200 किसान परिवार इस जमीन पर पिछले 70–80 वर्षों से पुश्तैनी खेती करते आ रहे हैं। परिवारों के बीच आपसी बंटवारा भी हो चुका है और जमीन पर लगातार खेती कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं, लेकिन आज तक उन्हें भू-अधिकार (पट्टा) नहीं मिलाऋण पुस्तिका जारी नहीं हुई। राजस्व रिकॉर्ड में नाम दर्ज नहीं हुआ है। सरकारी योजनाओं से वंचित किसान भूमि का मालिकाना हक नहीं होने के कारण किसान कई सरकारी सुविधाओं से वंचित हैं

## 200 जोड़ों ने थामे एक-दूजे के हाथ, खुशहाल जीवन का लिया संकल्प

# मुख्यमंत्री कन्यादान सामूहिक विवाह सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर के दशहरा मैदान में रविवार को खुशियों का ऐसा संगम देखने को मिला।जहां एक साथ 200 जोड़े परिणय सूत्र में बंधकर नए जीवन की शुरुआत करते नजर आए। प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत आयोजित जिला स्तरीय सामूहिक विवाह सम्मेलन में उत्साह, उमंग और पारंपरिक रीति-रिवाजों का अद्भुत नजारा देखने को मिला।

कार्यक्रम का शुभारंभ सांची विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत बबलू मीणा और जिला सीईओ कमल सोलंकी द्वारा कन्यापूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। जैसे ही विवाह की रस्में शुरू हुईं, पूरा परिसर ढोल शहनाई की धुन और मंगल गीतों से गूंज उठा। मंच पर मौजूद अतिथियों ने नवविवाहित जोड़ों पर फूल बरसाकर उनके सुखद दांपत्य जीवन की कामना की।



इस मौके पर पूर्व कैबिनेट मंत्री रामपाल सिंह राजपूत, भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष सविता जमना सेन, नगर मंडल अध्यक्ष आदित्य जीतू शर्मा, जनपद पंचायत अध्यक्ष अर्चना सुनील पोर्ते उपाध्यक्ष राकेश तोमर सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने वर-वधुओं को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी ने कहा कि एक समय था जब बेटी के जन्म के साथ ही माता-पिता को उसके विवाह की चिंता सताने लगती थी। लेकिन आज प्रदेश सरकार की योजनाओं ने इस सोच को बदल दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार बेटी के जन्म से लेकर उसकी शिक्षा और विवाह तक हर स्तर पर सहयोग कर रही है। जिससे गरीब और जरूरतमंद परिवारों को बड़ी राहत मिली है।

उन्होंने आगे कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना समाज के लिए एक वरदान साबित हो रही है। इससे न केवल आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सहारा मिला है। बल्कि सामाजिक समरसता को भी बढ़ावा मिला है। अब बेटियों के जन्म पर मायूसी नहीं, बल्कि खुशियां मनाई जाती हैं।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा, पूर्व कैबिनेट मंत्री रामपाल सिंह राजपूत और अन्य अतिथियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए और योजना की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है और जरूरतमंद परिवारों को सम्मानपूर्वक अपनी बेटियों का विवाह करने का अवसर मिलता है।

# 2006 में बनने वाली मंडी और कॉलेज अभी तक बन नहीं पाए

## भाजपा मंडल अध्यक्ष सरबजीत सिंह अटवाल से उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

कृषि उपज मंडी के अभाव में सैकड़ो किसान बेहद परेशान है। कृषि उपज के विक्रय हेतु किसानो को अन्यत्र स्थान को मंडियो में दौड़ना पड़ रहा है। इसी प्रकार महाविद्यालय के अभाव में उच्च अध्ययन के इच्छुक छात्र-छात्राओं को कई किलोमीटर जाना पड़ रहा है।

तहसील के लगभग दो सौ गांवों मैं कृषक काश्तकारी करते हैं। परंतु सैकड़ो कृषको को अपनी कृषि उपज विकय के लिए करीब 22 से 25 किलोमीटर दूर दौड़ना पड़ता है। जहां कई दिनों की मसक्कत के बाद उनका नंबर आता है बाड़ी तहसील क्षेत्र में शासन संचालित महाविद्यालय नहीं होने से सैकड़ो छात्र –छात्राओं को दूर दराज के महाविद्यालयो मैं प्रवेश लेने के लिए विवश होना पड़ रहा है। जहां उनके धन और समय की बर्बादी हो रही है। परिवार की आर्थिक स्थिति दिन ब दिन गर्त मैं जा रही है ।

किसानों एवं विद्यार्थियों को इस महती समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले जन प्रतिनिधियों ने किसानों एवं विद्यार्थियों के लिए कृषि उपज मंडी एवं शासकीय महाविद्यालय की घोषणा की थी लेकिन अभी तक ना तो कृषि उपज मंडी बन पाई और न ही महाविद्यालय धरातल पर उतर पाया है। बीते एक दशक में चुनावकाल के दौरान नौटंकी की जाती रही चुनाव संपन्न होते ही फिर



वही दाक के तीन पात हो रहा है। क्षेत्र के किसानों एवं छात्र-छात्राओं के पालको ने नवनियुक्त भाजपा बाड़ी मंडल अध्यक्ष सरबजीत सिंह अटवाल का ध्यान आकर्षित कर कृषि उपज मंडी एवं महाविद्यालय को बाड़ी की धरातल पर उतारने का आग्रह किया है